मनोहर बलवानी
कम्पनी सचिव
MANOHAR BALWANI
Company Secretary

पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

सं:1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 02 नवंबर, 2018

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई)** **मुंबई - 400 051**	**बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवा विभाग, तल - 25,** **पी जे टावर्स, दलाल स्ट्रीट,** **मुंबई - 400 001**

विषय: **बोर्ड बैठक का परिणाम - सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण अनिवार्यताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार सूचना।**

महोदय/महोदया,

दिनांक 29.10.2018 के हमारे पूर्ववर्ती पत्र के अनुक्रम में, आपको सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 02 नवंबर, 2018 को आयोजित पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए संसाधनों के जुटाव अर्थात बाजार ऋण कार्यक्रम हेतु सीमाओं में संशोधन के लिए प्रस्ताव को निम्नानुसार अनुमोदित किया है:

क्र.सं.	**स्त्रोत**	**राशि (करोड़ रुपए में)**
1.	**दीर्घावधि ऋण (रुपया):** सावधि ऋण और दीर्घावधि कर-योग्य/कर-मुक्त बॉण्ड का पब्लिक/प्राइवेट प्लेसमेंट, स्थायी/रीडिमेबल, प्रतिभूति/गैर-प्रतिभूति, संचयी/गैर-संचयी, गैर-परिवर्तनीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड/जीरो कूपन बॉण्ड/अधीनस्थ बॉण्ड/मुद्रा-स्फीति सूचकांक बॉण्ड/54ईसी की धारा के अंतर्गत पूंजीगत लाभ बॉण्ड/पूत विकल्प के साथ/बिना 30 वर्ष तक की अवधि के लिए भौतिक और/या डिमेट प्रारूप में अन्य बॉण्ड तथा जो एनएसई और/या बीएसई में सूचीबद्ध हो- इस सीमा से अलग की जाने वाली वर्ष के दौरान जुटाई एवं तैयार की गईं दीर्घावधि निधियां।	52,000
2.	**दीर्घावधि विदेशी मुद्रा ऋण:** ऋण/बॉण्डों/नोटों/एफ़सीएनआर(बी) ऋण या विदेश में जारी रुपया मूल्य-वर्ग बॉण्डों/नोटों सहित कोई अन्य इन्स्ट्रूमेंट (यूएसडी 2.5 बिलियन @ 1 यूएसडी = 65 रुपए)	10,000
3.	**अल्पावधि ऋण:** अल्पावधि ऋण/आईसीडी/एफ़सीएनआर(बी) - वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान किसी भी समय बकाया। इस सीमा से अलग किए गए वर्ष के दौरान जुटाई एवं पुनर्भुगतान की गई अल्पावधि निधियां।	7,000
4.	**वाणिज्यिक पेपर:** वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान किसी भी समय बकाया। इस सीमा से अलग किए गए वर्ष के दौरान जुटाई एवं पुनर्भुगतान की गई अल्पावधि निधियां।	13,000
	कुल	**82,000**

सभी फंक्शनल निदेशकों की सिफ़ारिश पर 82,000 करोड़ रुपए की समग्र सीमा के भीतर ऊपर दिए गए ब्यौरे के अनुसार विभिन्न स्त्रोतों में से राशि की अंतर-परिवर्तनीयता को अनुमोदित करने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफअसी को प्राधिकृत किया गया है।

उपर्युक्त बाजार ऋण कार्यक्रम के अंतर्गत निधियों को वास्तव में निदेशक मंडल द्वारा इस संबंध में प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान समय-समय पर जुटाया जाएगा।

बोर्ड बैठक अपराहन 12.00 बजे शुरू होकर सायं 3.20 बजे समाप्त हुई।

आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)

कंपनी सचिव

mb@pfcindia.com